तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का...





14 तहसील साहू संघ की बैठक में संभाग स्तरीय सम्मेलन की...




# मोदी की गारंटी के वादे पूरे कराने सहायक शिक्षकों का हल्ला बोल

## की गई एकदिवसीय धरना-रैली, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले सहायक शिक्षकों ने मोदी की गारंटी के अंतर्गत लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय बेमेतरा में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे शिक्षकों ने रैली निकालते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।जिला अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें शामिल की गई हैं। इनमें प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना, एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पुरानी सेवा की गणना कर समस्त लाभ देना, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु राज्य सरकार द्वारा पहल करना तथा वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के स्थान पर कोई सुरक्षित एवं व्यावहारिक वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रमुख हैं।

धरना को संबोधित करते हुए प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष कौशल अवस्थी ने कहा कि ब्लैक लेस डे के अवसर पर शिक्षक एक दिन का अवकाश लेकर न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति वेतन देने का वादा किया था, लेकिन आज तक वह वादा अधूरा है। उसी वादे को याद दिलाने शिक्षक आंदोलनरत हैं।

### आंदोलन और तेज करने की चेतावनी

जिला अध्यक्ष पोखन साहू ने कहा कि धरना स्थल पर उमड़ा शिक्षकों का जनसैलाब यह दर्शाता है कि अब शिक्षक वर्ग अपने साथ किए गए वादों को पूरा कराकर ही दम लेगा। यह एकदिवसीय आंदोलन सरकार के लिए चेतावनी है। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और अधिक व्यापक रूप लेगा।



### ये शिक्षक रहे उपस्थित

धरना-प्रदर्शन में प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष कौशल अवस्थी सहित जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, ओम नारायण साहू, सुनील साहू, बाबूलाल गोयल, अजय यादव, योगेंद्र साहू, गेंदराम वर्मा, राजा वर्मा, गुरुचरण पटेल, दिलीप पटेल, मनीष पाटिल, सुनील शर्मा, सुरेश रावत, दीपक राजपूत, धनेश रजक, सुनीता साहू, हिमकल्याणी सिन्हा, हिरमत ठाकुर, नीलिमा कन्नौजे, लेखा रजक, लीलावती सिन्हा सहित शिक्षक अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत 40 परिवारों को मिले नए गैस कनेक्शन

**बेरला।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के अंतर्गत इंडियन गैस खुड़मुड़ा के सहयोग से गांव में गैस कनेक्शन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आनंदगांव सरपंच चंदन नायक ने गांव के 40 पात्र परिवारों को नए एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच चंदन नायक ने कहा कि उज्ज्वला योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है। इस योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिलेगी और उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इंडियन गैस के अधिकारियों ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत पात्र परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे है तथा गैस के सुरक्षित उपयोग के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

### दुर्घटना में घायल बछड़े का उपचार जारी



**नांदघाट।** राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में कल फिर एक बछड़ा एक्सीडेंट में बूरी तरह घायल हो गया जिसकी सूचना मिलने पर उसे तत्काल मौके से गौ सेक्क मनीष शुक्ला उपसरपंच रोहित निषाद सोमनाथ विश्वकर्मा सुरक्षित कर के लाए। गौ सेवा के लिए प्रतिबद्ध पीएआई डबलू सुरेन्द्र वर्मा के सहयोग से घायल गोवंश की चिकित्सा हो रही है। बछड़े का एक पैर में अत्यधिक चोट लगने से कई जगह से टूटने के कारण अंतिम विकल्प के रूप में छत्तीग्रस्त देर को सुरक्षित ढंग से काट दिया गया तथा फायर ड्रेसिंग किया गया। उपचार के उपरांत बछड़े को राहत के साथ पुर्नजन्म मिला है। ज्ञात हो कि नांदघाट छेत्र में सक्रिय इन गौ सेवकों ने दुर्घटना में घायल सैकड़ों गौवंश का उपचार और गौलोक गमन पर मिट्टी संस्कार कराने का काम किया है। गौ सेना आयोग के जिला गौ सेवा समिति के सदस्य विवेक शुक्ला ने उन्साही गौ सेवकों के सेवाकार्य को मुक्तकंठ से सराहा है। तथा समाज के लिए गौ माता को वरदान और उसका संरक्षण संवर्धन समाज का कर्तव्य बताया है।

### पौधारोपण के लिए आरक्षित पंचायत भूमि की अवैध बिक्री दर्जनभर पेड़ काटे गए

**नांदघाट।** समीपस्थ ग्राम पंचायत अकोली में पौधारोपण हेतु चयनित प्रस्तावित स्थल पर अतिक्रमण तीन लोगों को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। जहां लक्ष्मीनारायण बार्गो के द्वारा खसरा नं 106 के 25 डिसमिल हिस्से को तिहारू निषाद, राजेन्द्र निषाद, अश्विनि बघेल के पास 11 लाख में बेचे जाने तथा उक्त भूखंड में उगे हुए शीशम समेत दर्जन पेड़ काटे जाने की शिकायत हुई है। हल्का पटवारी द्वारा उक्त भूमि संबंधी पंचनामा प्रतिवेदन बनाकर अग्रिम कार्यवाही हेतु तहसील में प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध मे ग्राम अकोली के सरपंच सुनिता निषाद ने पंचायत के समीपस्थ अमुल्य भूमि को भविष्य की धरोहर बता अवैध अतिक्रमण को दुखद बताते हुए इसके विरुद्ध हर संभव उचित वैधानिक कार्यवाही करने की बात कही है।

## कार्रवाई : 21 अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

# प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में लापरवाही और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। योजना की समीक्षा के दौरान बैठक में अनुपस्थिति, कार्य में रुचि नहीं लेने और निर्माण की धीमी गति पाए जाने पर 21 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा की गई है। समीक्षा बैठकों में सामने आई वास्तविक स्थिति जिसमे 12 जनवरी 2026 एवं 15 जनवरी 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठकों में जिले की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2024–26 के लिए आवंटित लक्ष्य की तुलना में जिले में आवास निर्माण की रफ्तार अत्यंत धीमी है।

जिले को इस अवधि में कुल 29,418 आवासों का लक्ष्य दिया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक केवल 18,236 आवासों का निर्माण ही पूर्ण हो सका है। इस प्रकार आवास पूर्णता का प्रतिशत मात्र 61.98 प्रतिशत है, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि जिले में 4,105 आवास अभी तक प्रारंभ ही नहीं किए गए हैं। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी अप्रारंभ आवासों का निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही समय पर जियो-टैगिंग, एफ.टी.ओ. साइन कर राशि निर्गत करने तथा हितग्राहियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं, ताकि आवास निर्माण में अनावश्यक विलंब न हो। संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने, कार्य में उदासीनता तथा समीक्षा बैठकों में अनुपस्थिति को गंभीर मानते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है जिसके अंतर्गत 9 उप अभियंता, 6 तकनीकी सहायक, 1 अनुविभागीय अधिकारी (आर.ई.एस.), 1 संकाय सदस्य, 1 सहायक प्रोग्रामर, 3 ग्राम पंचायत सचिव शामिल हैं। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर साक्ष्यों सहित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।




### संतोषजनक जवाब नहीं तो होगी कार्रवाई: जीपं सीईओ

जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट किया है कि यदि संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने साफ कहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले को आवंटित सभी आवासों का निर्माण 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड विजिट और समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुष्प प्रदर्शनी ने बेमेतरा को दी पहचान, शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आधुनिक आभासी दुनिया और मोबाइल संस्कृति के बीच प्रकृति से जुड़ने का सशक्त माध्यम बन रही पुष्प प्रदर्शनी (फ्लावर शो) का आज बेमेतरा में भव्य शुभारंभ हुआ। यह फ्लावर शो अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है और लगातार सफलता के साथ आयोजित हो रहा है। नगर में आयोजित इस आकर्षक एवं मनमोहक पुष्प प्रदर्शनी को लेकर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजनों में खासा उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। प्रदेश से लेकर स्थानीय स्तर तक के जनप्रतिनिधियों ▶▶|शेष पेज 12 पर



### पुष्प प्रदर्शनी का तीसरा वर्ष है सफलता का प्रमाण: विधायक

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह पुष्प प्रदर्शनी तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जो आयोजन की निरंतरता और सफलता का प्रमाण है। ऐसे रचनात्मक एवं पर्यावरण से जुड़े आयोजनों को शासन स्तर से विशेष सहयोग मिलना चाहिए, ताकि भविष्य में इसे और व्यापक स्वरूप दिया जा सके। नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि बेमेतरा में इस प्रकार की अनोखी, सुंदर और प्रकृति से जुड़ी पुष्प प्रदर्शनी लगातार होती रहनी चाहिए। इससे न केवल नगर की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि लोग प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व को भी समझते हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुआ शिक्षक प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जोन भिभौरी (विकासखंड बेरला) में आयोजित पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के द्वितीय एवं अंतिम चरण का समापन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों, तकनीकों एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ना रहा।

समापन समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जयप्रकाश करमाकर ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार पाठ्यक्रम को शिक्षकों को अपनी कक्षाओं में लागू करना होगा। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों से अवगत कराकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सहायक होगा। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नारायण ठाकुर ने बदलते समय के अनुसार खेल एवं समूह आधारित अध्यापन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जोन प्राचार्य गुरविंदर कौर ने प्रारंभिक स्तर ▶▶|शेष पेज 12 पर

# गंभीर बीमारियों में भी चमत्कारिक लाभ देता है एक्यूप्रेशर उपचार: भरतलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एससीईआरटी के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा के प्राचार्य श्री जे.के. घृतलहरे के मार्गदर्शन में आयोजित पांच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का समापन आज सफलतापूर्वक हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिदिन की तरह प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक योग अभ्यास कराया गया। सभी प्रशिक्षार्थी सुबह से ही योग के लिए उत्साहपूर्वक तैयार दिखाई दिए।

इस दौरान प्रशिक्षार्थियों ने कुंजल क्रिया एवं जल नेति का अभ्यास किया। मास्टर ट्रेनर भरत लाल साहू ने कुंजल क्रिया तथा मास्टर ट्रेनर दीपक कुमार यादव ने जल नेति के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा साहू, दीपक कुमार यादव, रामकुमार साहू एवं भरत लाल साहू के मार्गदर्शन में ओम उच्चारण के साथ योगाभ्यास प्रारंभ किया गया। भ्रामरी, उज्जायी, अनुलोम-विलोम, कपालभाति प्राणायाम, योगिंग जॉगिंग के 12 स्टेप, सूर्य नमस्कार के 12 चरण, वज्रासन में शशकासन एवं मंडूकासन का अभ्यास कराया गया। सभी प्रशिक्षार्थियों ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास कर प्रसन्नता व्यक्त की।



### योग को स्कूली बच्चों सहित घर-घर पहुंचाने का आह्वान

**एक्यूप्रेशर उपचार पर डाला प्रकाश-** इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्री भरत लाल साहू ने एक्यूप्रेशर उपचार पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह एक प्राचीन एवं प्रभावी उपचार पद्धति है, जिसमें शरीर के महत्वपूर्ण प्रेशर पॉइंट्स पर दबाव डालकर रोगों से राहत मिलती है। यह थेरेपी सिरदर्द, माइग्रेन, जोड़ों के दर्द, अर्थराइटिस, तनाव, पाचन विकार, मोटापा, हृदय रोग एवं अस्थमा जैसी समस्याओं में ▶▶|शेष पेज 12 पर

## दावा-आपत्ति प्रक्रिया की बारीकियों से छात्र-छात्राओं को किया गया अवगत

# भिभौरी कॉलेज में लगा मतदाता जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत दावा-आपत्ति चरण के दौरान मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भिभौरी महाविद्यालय में एक विशेष मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक चलने वाली दावा-आपत्ति प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को आमंत्रित किया गया था। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं त्रुटि सुधार से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल भाषा में समझाया गया। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अनुसार जिन छात्र-छात्राओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रारूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। साथ ही नाम, पता, आयु अथवा अन्य विवरणों में त्रुटि होने की स्थिति में संबंधित प्रारूपों के माध्यम से सुधार कराया जा सकता है।




**युवा मतदाताओं को जागरूक करने लगाया शिविर-** स्वीप नोडल अधिकारी जी.एस. भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय स्तर पर यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है, ताकि युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ते हुए उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा सके। शिविर के दौरान नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य मतदाता जागरूकता को प्रभावी एवं रोचक बनाना है। शिविर में अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ की सक्रिय सहभागिता रही।

**प्रतिभागियों को दिलाई गई मतदाता शपथ-** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर ठाकर ने ▶▶|शेष पेज 12 पर

# बिजली विभाग के तकनीकी कर्मचारियों को सिखाए गए सुरक्षा के उपाय



## डिस्चार्ज रॉड से हेलमेट तक विद्युत सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत बेमेतरा संभाग के नांदघाट वितरण केंद्र में तकनीकी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला गुरुवार को नांदघाट और मारो वितरण केंद्र में पदस्थ सभी तकनीकी कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई।

कार्यशाला के दौरान नांदघाट वितरण केंद्र में कार्यालय निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एस मनोज, कार्यपालन अभियंता जेएस भटनागर, अनसुईया ठाकुर और सहायक अभियंता नवीन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचके मेश्राम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी नियमों को समझना और उनका पालन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि अधिकांश विद्युत दुर्घटनाएं छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होती हैं, जिन्हें सही सुरक्षा उपकरणों के उपयोग से रोका जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को आपसी सामंजस्य बनाकर और तनाव रहित होकर कार्य करने की सलाह दी। कार्यशाला में सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को डिस्चार्ज रॉड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर जैसे उपकरणों के नियमित उपयोग और समय-समय पर उनकी जांच करने के निर्देश दिए। वहीं खराब उपकरणों को तत्काल बदलने की बात भी कही गई।

## वर्तमान शिक्षा प्रणाली केवल रोजगार तक सीमित हो रह गई है : दुबे



दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में 21वीं शताब्दी की नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत जन-जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय सरकारी प्रतिष्ठान से सेवानिवृत्त अभियंता देवेन्द्र कुमार दुबे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर स्थित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस सत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के दौरान देवेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली मुख्य रूप से केवल रोजगार तक सीमित हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के दौर में व्यक्तित्व विकास, आर्थिक आजादी और उत्तम स्वास्थ्य की शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य है। शिक्षा केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच एक विशेष प्रश्नावली साझा की गई, जिसमें जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचारणीय प्रश्न पूछे गए थे। इसके साथ ही युवाओं और समाज के लिए उपयोगी पुस्तकों की एक सूची भी प्रदान की गई, जिन्हें स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्रतिभागियों ने माना कि कार्यस्थल के तनावपूर्ण माहौल के बीच ऐसे जीवन उपयोगी विषय न केवल कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी सहायक हैं।

## खबर संक्षेप

### मनरेगा के मजदूरों को किया जा रहा है जागरूक



भिलाई। प्रदेश अध्यक्ष कामगारव कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर के निर्देश पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत अहिवारा विधानसभा के गाँव,गांव में चल रहा है। इस दौरान बैठक रख मजदूरों को अपने हक के लिए जागरुक किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश सचिव राम कुमार सूर्यवंशी, राहुल, आछोटी, मुरमुंदा,मलपुरी, लिमतरा में पहुंचकर लोगों को मनरेगा के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

### विभागीय परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 27 जनवरी से 03 फरवरी 2026 तक विभागीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग संभाग में यह परीक्षा भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) में आयोजित की जाएगी। संभाग आयुक्त द्वारा विभागीय परीक्षा के सुचारू रूप से सम्पादन हेतु अधिकारियों/ कर्मचारियों को परीक्षा संबंधी कार्य सौपे गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिप्टी कलेक्टर दुर्ग हितेश पिस्दा को परीक्षा केन्द्र एवं प्रश्न पत्र प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग दुर्ग के सहायक संचालक केके शुक्ला को सहायक परीक्षा केन्द्र प्रभारी, नायब तहसीलदार दुर्ग ढाल सिंह बिसेन एवं नायब तहसीलदार दुर्ग वसुमित्र दीवान को वीक्षक (इन्व्हीजिलेटर), सहायक ग्रेड-3 एस. अभिषेक एवं खेलू राम पटेल को लिपकीय कार्य, भृत्य मेघनाथ साहू, ईश्वरी साहू को भी जिम्मेदारी दी गई है।

### अभ्युदय योजना के तहत 19 से मोतियाबिंद शिविर

दुर्ग। वरिष्ठ नागरिकों के लिए मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जिले के बुजुर्गों, विशेषकर वृद्धाश्रमों में रहने वाले नागरिकों की आंखों की जांच कर उन्हें मोतियाबिंद की समस्या से राहत दिलाना है। लगभग 100 पात्र हितग्राहियों के मोतियाबिन्द का ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में किया जाएगा। 19 जनवरी को वृद्धाश्रम पुलगांव में शिविर लगेगा जिसमें पुलगांव, रामशीला, जुनवानी, की कुटिया और प्रशामक गृह दुर्ग के क्षेत्र सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार 20 जनवरी को आस्था वृद्धाश्रम सेक्टर-8 भिलाई में शिविर आयोजित होगा जिसमें आस्था वृद्धाश्रम तथा सेक्टर-2 भिलाई क्षेत्र सम्मिलित होंगे। 21 जनवरी को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा नाका में सिकोला भाठ, उरला और करहीडीह क्षेत्र के लिए जांच की जाएगी। 22 जनवरी को शिवपारा और कंडरापारा में शिविर लगेगा।

## अनुशासित और देशभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन सुनिश्चित करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह को भव्य, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने शुक्रवार को बेमेतरा के बेसिक ग्राउंड में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परेड, झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच व्यवस्था, ध्वजारोहण, अतिथि स्वागत, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव, लोकतंत्र और संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक है, इसलिए आयोजन में अनुशासन, समयबद्धता और गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए। परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नियमित रिहर्सल कराने तथा मंच, मैदान, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था को आकर्षक एवं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने पुलिस एवं होमगार्ड विभाग को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात नियंत्रण की पूर्व योजना बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार दल एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं नगर पालिका परिषद को साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

**गणतंत्र दिवस शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का उत्सवः कलेक्टर :** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रस्तुतियों में भारतीय संविधान, स्वतंत्रता संग्राम, देशभक्ति, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक विविधता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह केवल शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का उत्सव है, इसलिए आम नागरिकों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए।

**इन्होंने किया निरीक्षणः** निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों से समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ दायित्व निर्वहन की

# आवास योजनाओं की समीक्षा में लापरवाही उजागर, रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जनपद पंचायत पाटन के सभाकक्ष में जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने पंचायतों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सप्ताह में तीन दिवस नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव एवं आवास मित्र संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। मनरेगा के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जियो-टैगिंग सहित समस्त निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र की तय की गई। साथ ही लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में संबंधित प्रकरण तत्काल ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार कर पंचायत सचिव द्वारा शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में

### मस्टर रोल जारी नहीं करने, जियो टैगिंग अपूर्ण मिलने पर कार्रवाई

समीक्षा के दौरान मस्टर रोल जारी नहीं किए जाने एवं जियो-टैगिंग पूर्ण न होने पर संबंधित ग्राम पंचायतों के तकनीकी सहायकों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को नोटिस जारी करने तथा लापरवाही पाए जाने पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान मस्टर रोल जारी नही किया गया है। ग्राम पंचायत पहंदा में आभा नेताम तकनीकी सहायक, तुमन सोनी सचिव, रोजगार सहायक रोहित कुमार ठाकुर, भूनेन्द्र कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर, बलराम वर्मा कम्प्यूटर आपरेटर, बोरीद में भुनेशवार प्रसाद ठाकुर, बोरवाय में आकाश देवांगन, तकनीकी सहायक मनीष कुमार चतुवेदी, केसरी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

यह भी निर्देशित किया गया कि जिन हितग्राहियों द्वारा निर्माण कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है अथवा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध आरआरसी प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही अपूर्ण एवं प्रारंभ न किए गए निर्माण कार्यों के मामलों में राजस्व विभाग के माध्यम से वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

### किस्त जारी होने के बाद भी 302 काम नहीं हुए शुरू

बैठक में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त 302 अप्रारंभ निर्माण कार्यों, वित्तीय वर्ष 2024–25 द्वितीय किस्त प्राप्त 236 अपूर्ण निर्माण कार्यों, आवास प्लस 2.0 सर्वे अंतर्गत शेष 8069 प्रकरणों, लंबित जियो-टैगिंग, भूमिहीन हितग्राहियों के प्रकरणों तथा मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

# गरीबों के घर का सपना हुआ पूरा, 60 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

▪ भिलाई निगम ने लॉटरी सिस्टम से आवंटित किया आवास

शासन के मंशानुसार नागरिकों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उददेश्य से नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी का आयोजन किया गया। लाटरी में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी की उपस्थिति में हितग्राहियों का लाटरी निकालकर आवास आबंटित किया गया है। निगम क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पूरे भारत में पक्का मकान नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन कर रहे है। जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लिया जाता है। स्वीकृति पश्चात आवास आबंटन की लाटरी का आयोजन किया गया है। निगम सभागार कक्ष में कुल 60 पात्र हितग्राहियों का लाटरी निकाली गई। लाटरी में जो ब्लाक और मकान नंबर लिखा होता है।

### आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं की शादी कराने भोजपुरी परिषद ने लिया निर्णय

भिलाई। छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद की बैठक केंद्रीय कार्यालय पॉवर हाउस भिलाई में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने की। बैठक में इस साल विभिन्न रचनात्मक कार्य करने पर विचार किया गया। सदस्यता अभियान के तहत सभी भोजपुरी प्रेमियों को संगठित करने पर विचार किया गया। आर्थिक स्थिति से मजबूती हेतु सदस्यता शुल्क के माध्यम से भोजपुरी परिषद को संगठन में जोड़ने का निर्णय लिया गया। परिषद के विस्तारीकरण करने का भी निर्णय लिया गया। इसमें तीन उपाध्यक्ष, दो सचिव, एक कार्यकारी अध्यक्ष होंगे।

### रोड एक्सीडेंट में कमी लाने ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का किया गया निरीक्षण

भिलाई। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) द्वारा थाना नंदिनी नगर क्षेत्र के रोड एक्सीडेंट ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ नीलू पिस्दा और पीडब्ल्यूडी इंजीनियर मनीष तिवारी सहित थाना प्रभारी नंदनी अहिवारा मौजूद थे। निरीक्षण उपरांत दुर्घटनाजनक स्थलों पर रोड सिग्नल, स्पीड ब्रेकर, स्टॉप लाइन एवं संकेतक बोर्ड लगाने संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया, ताकि रोड एक्सीडेंट से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में निर्देश जारी करते हुए सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए संबंधित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों , पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तथा थाना प्रभारी को घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्घटना स्थल पर घायलों को प्राथमिकता के आधार पर निकटतम चिकित्सालय पहुंचाना, मृतक अथवा घायल व्यक्ति के परिजनों को तत्काल सूचना देना, अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करना एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना थाना प्रभारी की प्राथमिक जिम्मेदारी निर्धारित की गई है।

## पेज 11 के शेष...

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति...

पर भाषा एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने की बात कही।

**भाषा को समझ आधारित तरीके से सिखाने पर जोर-** एससीईआरटी प्रभारी पवन देवांगन ने भाषा को समझ आधारित तरीके से सिखाने पर जोर दिया। बीआरसी बेरला कमलेश निषाद ने कहा कि छात्रों को कौशल आधारित शिक्षा के लिए तैयार करना ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य लक्ष्य है। प्रशिक्षण प्रभारी सुरेंद्र पटेल ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 छात्र केंद्रित है और सीखने की प्रक्रिया को सरल व प्रभावी बनाती है। मास्टर ट्रेनर केवरा सेन, जोगी राम वर्मा एवं शाहिद जमाल ने जीआरआर मॉडल, थीम आधारित पाठ्यक्रम एवं भाषा के चार ब्लॉक मॉडल पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में प्रशिक्षण प्रभारी मनोज वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में समस्त संकुल समन्वयक, मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### पुष्प प्रदर्शनी ने...

ने आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे समाज को जोड़ने वाला प्रेरणादायी प्रयास बताया।

प्रदेश भाजपा महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि आज के समय में जब लोग अधिकतर आभासी दुनिया तक सीमित हो गए हैं, ऐसे आयोजनों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पुष्प प्रदर्शनी जैसे आयोजन लोगों को प्रकृति के करीब लाने के साथ-साथ सामाजिक मेलजोल को भी बढ़ावा देते हैं। फूलों की सुंदरता, रंग-बिरंगे संयोजन और कलात्मक प्रस्तुति मन को आनंदित करने वाली है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि बेमेतरा जैसे छोटे नगर में इस स्तर की पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन वास्तव में गर्व का विषय है। तीसरे वर्ष भी इस आयोजन का सफलतापूर्वक होना यह दर्शाता है कि छोटे शहर भी बड़े और प्रेरणादायी आयोजनों में किसी से कम नहीं हैं। इससे बेमेतरा की पहचान प्रदेश स्तर पर और मजबूत होगी।

**आकर्षक सजावट और कलात्मक प्रदर्शनों ने दर्शकों का मन मोहा-** शुभारंभ अवसर पर आयोजन समिति ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। समिति द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें पुष्प प्रदर्शनी के उद्देश्य, महत्व और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से अवगत कराया गया। अतिथियों ने समिति के प्रयासों की सराहना की। पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों के फूलों, आकर्षक सजावट और कलात्मक प्रदर्शनों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में नगरवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कमल किशोर शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन रानी रवानी ने किया। इस अवसर पर संस्था की प्रमुख भाग्यश्री पोल, रश्मि ताम्रकार सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन समिति को तीसरे वर्ष के सफल शुभारंभ के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति...

पर भाषा एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने की बात कही।

**भाषा को समझ आधारित तरीके से सिखाने पर जोर-** एससीईआरटी प्रभारी पवन देवांगन ने भाषा को समझ आधारित तरीके से सिखाने पर जोर दिया। बीआरसी बेरला कमलेश निषाद ने कहा कि छात्रों को कौशल आधारित शिक्षा के लिए तैयार करना ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य लक्ष्य है। प्रशिक्षण प्रभारी सुरेंद्र पटेल ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 छात्र केंद्रित है और सीखने की प्रक्रिया को सरल व प्रभावी बनाती है। मास्टर ट्रेनर केवरा सेन, जोगी राम वर्मा एवं शाहिद जमाल ने जीआरआर मॉडल, थीम आधारित पाठ्यक्रम एवं भाषा के चार ब्लॉक मॉडल पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में प्रशिक्षण प्रभारी मनोज वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में समस्त संकुल समन्वयक, मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### गंभीर बीमारियों में...

लाभकारी है तथा इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं होते। समापन अवसर पर संस्थान के प्राचार्य श्री जे.के. घृतलहरे ने कहा कि योग हमारे जीवन का आधार है। शरीर को स्वस्थ एवं जीवन को प्रसन्नचित्त बनाए रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम एक घंटे योग को देना आवश्यक है। प्रातःकाल जल्दी उठना भी योग का ही एक रूप है, जिससे दिनभर स्फूर्ति एवं स्वास्थ्य बना रहता है।

**योग को घर-घर पहुंचाने का आह्वान-** वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. वसुबंधु दीवान ने सभी प्रशिक्षार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए योग को विद्यालयों एवं घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए प्राचार्य जेके घृतलहरे एवं प्रशिक्षण प्रभारी थलज कुमार साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बेमेतरा जिले के प्रसिद्ध शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक दीपक कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत जादू एवं हस्तकौशल प्रदर्शन सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अंत में सभी प्रशिक्षार्थियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। **ये रहे उपस्थित-** प्रशिक्षण का सफल संचालन जिला नोडल अधिकारी थलज कुमार साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डाइट के अकादमिक सदस्य, व्याख्याता, डीएलएड छात्र-अध्यापक तथा चारों विकासखंडों के शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

### भिभौरी कॉलेज में...

सभी छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा यदि कोई दावा-आपत्ति से संबंधित आवेदन हो तो 22 जनवरी 2026 की समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करें। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाई गई और उन्हें निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस विशेष शिविर के माध्यम से युवा मतदाताओं में निर्वाचन प्रक्रिया की समझ बढ़ी तथा उन्हें लोकतंत्र में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरणा मिली।

## परेशानी | बुन्देलखण्ड रेल सेवा समिति ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

# दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुन्देलखण्ड रेल सेवा समिति ने सांसद विजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने की मांग की है।

समिति के अध्यक्ष विकास चंदेल और सचिव नजम फरीदी ने सांसद को सौंपे ज्ञापन में कहा कि रले विभाग ने छत्तीसगढ़ और बुंदेलखण्ड को जोड़ने के लिए सीधी रेल सेवा के तहत अक्टूबर 2004 में दुर्ग कानपुर बेतवा एक्सप्रेस को प्रारंभ किया था लेकिन यह ट्रेन मात्र दो दिन चती है और 20 वर्ष बाद भी इसके फेरों में वृद्धि नहीं की गई। जबकि इसकी मांग प्रारंभ से जारी है और रेल प्रशासन से केवल आश्वासन मिलता रहा। नजम फरीदी ने कहा कि एक से एक एक दिन और फेरे बढ़ाया जाए। यह ट्रेन कानपुर से सोमवार को चलकर मंगलवार को दुर्ग पहुंचती है। इसी दिन लखनऊ-रायपुर गरीब रथ इसी रूट पर चलती है। किसी एक ट्रेन के दिन में परिवर्तन करने से एक दिन अतरिक्त रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

### दो के बदले तीन दिन चलाया जाए रायपुर-लखनऊ गरीब रथ

नजम फरीदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और बुंदेलखंड को जोड़ते हुए रायपुर-लखनऊ गरीब रथ 2008 से प्रारंभ की गई थी। 15 साल बाद भी इसके फेरों में वृद्धि नहीं की गई। इससे भिलाई-दुर्ग के नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। फरीदी ने इस ट्रेन में 20 कोच लगाने और फेरे बढ़ाते हुए तीन दिन चलाने की मांग की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


दुर्ग सम्भाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं
स्व. ताराचंद साहू जी
स्मृति सम्मान समारोह
स्थान : रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग
दिनांक : 18-01-2026
स्व. ताराचंद साहू जी
पूर्व सांसद
प्रथम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा (छ.ग.)
दीपक ताराचंद साहू
पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प वि.बो.
नंदलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- दुर्ग
चन्द्रभूषण साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- भिलाईनगर
नारद साहू अधिवक्ता
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- बेमेतरा
महेन्द्र साहू
अध्यक्ष
जिला साहू समाज, बालोद
भागवत साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-राजनंदगाव
टीलेश्वर साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-खैरागढ छुईखदान-गंडई
धरमलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-कबीरधाम
मदनलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-मानपुर मोहला चौकी
आनंद साहू
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
गिरवर बंटी साहू
सभापति
भिलाई नगर
पालिक निगम
देवकुमार साहू
दुर्ग संभाग संयोजक
युवा प्रकोष्ठ,छ.ग.प्र. साहू संघ
प्रदेश सह. सोशल मीडिया प्रभारी
पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा (छ.ग.)
भोला साहू
सर्व छ.ग. समाज संगठन
अध्यक्ष, वैशाली नगर
मुरली साहू
पूर्व प्रदेश संगठन सचिव
छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ
इंजी. प्रेम किशन साहू
पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री
युवा प्रकोष्ठ, प्रदेश साहू संघ
निलेश साहू
प्रदेश संगठन सचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
मुकेश साहू
पूर्व दुर्ग जिला
संयोजक, युवा प्रकोष्ठ
डॉ. शैलेन्द्र साहू
राष्ट्रीय अध्यक्ष
माँ कर्मा भोग
प्रसाद वितरण समिति
डॉ. पंकज राठौर
संभाग संयोजक
चिकित्सा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
हरिशंकर साहू
संगठन सचिव
साहू मित्र सभा
भिलाई नगर
सूरज साहू
रेड ड्राप फ्रेंड्स
क्लब संयोजक
सामदेव साहू
दुर्ग संभाग महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
अजीत साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
गजेन्द्र साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
कबीर साहू
डायरेक्टर
सिगमा ग्रुप ऑफ कंपनी
उपाध्यक्ष-दुर्ग संभाग,
युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### अब तक 4200 से अधिक आवास बनकर तैयार

**कवर्धा।** प्रशासनिक दावे के मुताबिक अब तक जिले में 4200 से अधिक बैगा परिवारों को पीएम जनमन आवास योजना के तहत अपना पक्का आवास मिल चुका है। इस संबंध में प्रभारी जिपं सीईओ विनय कुमार पोयाम ने बताया की पीएम जनमन आवास योजना के तहत जिले में 9625 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति के विरूद्ध 9206 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 7485 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त, 5107 हितग्राहियों को तृतीय किश्त एवं 2594 हितग्राहियों को चतुर्थ किश्त की राशि प्रदाय की जा चुकी है।अभी तक 4210 पक्के और सुन्दर आवास पूरे हो चुके है और इसमें बैगा समुदाय के लोग अपने परिवार के साथ खुशियों भरा जीवन व्यतित कर रहे हैं।

### सतनामी समाज का युवक-युवती सम्मेलन आज

**कवर्धा।** पीजी कॉलेज कवर्धा के ऑडिटोरियम में 18 जनवरी को प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसमें प्रदेश भर के सतनामी समाज के युवक युवती हिस्सा लेंगे। मुख्य अतिथियों के रूप में भंडारपुरी धाम के धर्मगुरु बालदास साहेब और खड़वापुरी धाम की गुरु प्रियंका दीदी कार्यक्रम में शामिल होंगी। साथ ही सम्मेलन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा, कविता प्राण लहरे, हर्षिता बघेल, शेषराज हरिवंश, नवीन मार्कडेय, सनम जांगड़े, और अध्यक्ष रामकुमार भट्ट सहित अन्य समाजजन सम्मिलित होंगे।

धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बढ़ी भव्यता

# श्रद्धालुओं से सराबोर हुआ अखंड नवधा रामायण महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के वार्ड क्रमांक 6, मोहभट्ठा में धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्री राम कथा रामायण महोत्सव समिति एवं समस्त वार्डवासियों के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अखंड नवधा रामायण महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार 15 जनवरी से किया गया है। यह धार्मिक आयोजन 18 जनवरी 2026 को चढ़ोतरी एवं संध्या आरती के साथ विधिवत संपन्न होगा।

महोत्सव के समापन के पश्चात 19 जनवरी 2026 को मातर मड़ाई का आयोजन किया जाएगा, वहीं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुप्रसिद्ध भूपेन्द्र साहू कृत "रंग सरोवर" (ग्राम बारूका, जिला गरियाबंद) की विशेष प्रस्तुति रखी गई है, जिसका श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार है। महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को 108 कलशों की भव्य शोभायात्रा (कलश यात्रा) के साथ किया गया। पूरे गांव में गाजे-बाजे, जय श्रीराम के उद्घोष और भक्तिमय वातावरण के बीच कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं वार्डवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया।



### राज्य स्तरीय नवधा रामायण प्रतियोगिता का आयोजन

महोत्सव के अंतर्गत राज्य स्तरीय नवधा रामायण महोत्सव प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 30 मानस मंडलियों ने सहभागिता की। सभी मंडलियों ने उच्च स्तरीय प्रस्तुति देकर पूरे परिसर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को समापन अवसर पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। तीन दिवसीय अखंड नवधा रामायण महोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह समाज में धर्म, संस्कृति, आपसी भाईचारे और बौद्धिक चेतना को सशक्त करने का माध्यम भी बन रहा है। वार्डवासियों के सामूहिक सहयोग से यह आयोजन क्षेत्र में आस्था और एकता का प्रतीक बनकर उभरा है।

### समिति एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका

आयोजन को सफल बनाने में समिति के विशेष सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका रही। प्रमुख रूप से शिव साहू (पूर्व पार्षद), नारायण साहू, शिव पाटिल (पार्षद), नारद पाटील, लक्ष्मण यादव (छाया पार्षद), नंदकिशोर साहू, राजू सैनिक, गणेशु साहू, दुर्गेश सैनिक, तिजू निषाद, प्रहलाद पाटिल, राजेंद्र पाटील, ढुलेश्वर निषाद, दिलीप निर्मलकर, सोनू निषाद, नकुल वर्मा, सरवन वर्मा, संजू निषाद, अंगद निषाद, संतु साहू, माहलू वर्मा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे।

### पाठ कर्ताओं ने किया रामकथा का सुंदर वाचन

अखंड नवधा रामायण में दुष्यंत वर्मा, राजा वर्मा, युवराज वर्मा, शिव पाटिल, ऐशान्य वर्मा, तिलक देवांगन, विकास वर्मा, टाकेश साहू, रवेंद्र वर्मा, विक्की विश्वकर्मा, कौशलेंद्र साहू, राज वर्मा, संतोष वर्मा, शंभू साहू, सरवन वर्मा, चंदन वर्मा, योगेश देवांगन, भगत देवांगन, हेमंत निषाद, अमित साहू, नारायण साहू, संतोष शर्मा, गणेश पांडे सहित अन्य पाठ कर्ताओं ने भावपूर्ण वाचन कर श्रद्धालुओं को रामभक्ति में डुबो दिया।प्रातःकालीन प्रभात फेरी में लक्ष्मण यादव, महेश यादव, बीशन वर्मा, रमेंद्र निषाद, राजकुमार निषाद, भुवनेश्वर निषाद, छबि राम सेन, शंभू साहू, अंबू साहू, रोशन साहू, तरुण सेन, गोविन्द वर्मा (अंगार), शंकर वर्मा, बलराम वर्मा, उमेश वर्मा, रोहित वर्मा, रितेश यादव सहित अनेक युवाओं ने सहभागिता निभाई। वहीं श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद (भंडारा) की व्यवस्था फे रहाराम, नरसिंग पाटिल, सनत यादव, जितेंद्र ध्रुव, महासिंग वर्मा, नरेश यादव, खोमन रजक, बिसाहत यादव के सहयोग से सुचारु रूप से की गई।

### गब्दा में गूंजा निषाद राज का जयकारा, हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुहा जयंती

**बेरला।** बेमेतरा जिले ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पिरदा आश्रित ग्राम गब्दा की पावन धरा पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था निषाद गुहा जयंती और भव्य मड़ई मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और अतिथियों ने शिरकत की। सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन निषाद समाज द्वारा भगवान श्री निषाद राज गुहा की जयंती अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन पर्व पर गांव में पारंपरिक मड़ई मेले का भी आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने मेले



का भरपूर आनंद लिया। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा गांव गुंजायमान रहा। जयंती समारोह से पूर्व, 15 जनवरी को ग्राम गब्दा में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए दर्शकों की भारी-भीड़ उमड़ी। अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज की एकता और युवाओं को खेल एवं शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जोहार पार्टी के बेरला ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय निषाद मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उनके साथ मीडिया प्रभारी नंद किशोर निषाद खोमु निषाद, आशीष वर्मा, राजा वर्मा, रमेश निषाद, लेखराम निषाद, मोहित चौहान, गेजेंद निषाद, ईश्वरी वर्मा, मोहन निषाद, चंद्रिका निषाद एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ठेलका में भागवत कथा 27 जनवरी से

**साजा।** ब्लॉक स्थित ग्राम ठेलका में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 27 जनवरी से 2 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। कथा का वाचन दिल्ली से पधारी सुश्री कालिंदी भारती भक्तों को



आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा प्रदान करेंगी। कथा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रभारी स्वामी अखिलेशानंद के अध्यक्षता में की जा रही है। इस अनुष्ठान के मुख्य यजमान संतोष साहू एवं पत्नी अमिता साहू, परमानंद एवं पत्नी खिलेश्वरी साहू हैं। आयोजन समिति के अनुसार, इस दिव्य कथा में लगभग 10 हजार सत्संग प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। यह कार्यक्रम कामधेनु गौ संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, जिससे गौ सेवा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ेगी। इस कार्यक्रम का भूमि पूजन 16 जनवरी को श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आध्यात्मिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की है। भूमि पूजन में गौरव साहू, भार्गव साहू, मनीष साहू, प्रवीण साहू, जीवन साहू सहित दिव्य ज्योति परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित पहुंचकर इस आध्यात्मिक महायज्ञ का लाभ लें।

### नवधा रामायण से गूंजा नांदघाट

**नांदघाट।** फसल कटाई के बाद संपूर्ण छत्तीसगढ़ में गांव गांव में नवधा रामायण का संगीतमय आयोजन होता है। इसमें अलग अलग गांवों की रामायण टोलियां गांव गांव में



अनवरत रामकथा का गायन व रामचरित मानस प्रसंगों पर आधारित व्याख्यान टीका किया जाता है। राम रस गंगा का प्रवाह हर नवधा आयोजित ग्राम को अवधपुरी और ग्रामवासी अयोध्यावासी संबोधित किए जाते हैं। नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष सेउक राम निषाद ने बताया कि नांदघाट में इस वर्ष 66वां वर्ष पूर्ण हो रहा है। इस वर्ष अब तक 80 टोलियों ने ग्रामवासियों को संगीत मय भजन सुनाया है। प्रत्येक टोली को 351 / - का सदाबहार प्रोन्साहन राशि प्रदान किया जा रहा है। तथा आने वाले टोलियों के भोजन आराम की व्यवस्था भी की जाती है। समिति के अन्य सदस्य उपाध्यक्ष अजीत सागर, कोषाध्यक्ष मोहित निषाद, सचिव शत्रुहन यादव, हेमंत वैष्णव कपिल पाल, भरत निषाद मन्नु साहु, जनक से न प्रदीप सेन अशोक सेन इंद्रकुमार सेन मनोज यादव दुखवा निषाद समेत समस्त अयोध्यावासी इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। इन टोलियों से सुमधुर भजन और टीका सत्संग का लाभ उठाने महिलाओं की भी भारी संख्या रामायण पंडाल में देर रात तक नजर आती है। ' भोर से लेकर देर रात तक ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से रामायण के दोहा चौपाई गली गली तक गुंजायमान हो रहे हैं।

## जिला कांग्रेस कमेटी की 'मनरेगा बचाओ रैली' आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ पिपरभट्ठा से भोइनाभाटा तक होगी पदयात्रा

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून में बदलाव और नाम परिवर्तन कर उसकी मूल भावना को कमजोर किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 'मनरेगा बचाओ रैली' का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आज 18 जनवरी (रविवार) दोपहर 12 बजे से ग्राम पिपरभट्ठा से ग्राम भोइनाभाटा तक निकाली जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा अनुसार, इस पदयात्रा में बेमेतरा जिला कांग्रेस के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, साथ ही बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। पार्टी ने आम जनता से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर रैली को सफल बनाने की अपील की है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि मनरेगा गरीबों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। भाजपा सरकार द्वारा कानून में किए जा रहे बदलाव इसकी मूल आत्मा को समाप्त करने की दिशा में हैं। पदयात्रा का उद्देश्य आम जनमानस को इन बदलावों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और भाजपा की कथित गरीब-विरोधी नीतियों के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने आंतरिक एजेंडे को धीरे-धीरे जनता पर थोप रही है, जिससे सबसे अधिक नुकसान गरीब, मजदूर और ग्रामीण वर्ग को हो रहा है। 'मनरेगा बचाओ रैली' के माध्यम से पार्टी जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी।

## सद्गुरु कबीर के मार्ग पर चलने से ही जीवन की मुक्ति संभव: संत गोपाल साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अकलवारा में दो दिवसीय संत समागम का भक्तिमय शुभारंभ

अकलवारा में सद्गुरु कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय संत समागम मेला एवं सात्विक यज्ञ-चौका आरती का भव्य शुभारंभ शुक्रवार 17 जनवरी को हुआ। धर्मनगरी अकलवारा में आयोजित इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुई। प्रथम दिवस प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक संत-महंतों एवं ग्रामवासियों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गाँव की प्रमुख गलियों से होते हुए सत्संग स्थल पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में भक्तों की भारी सहभागिता रही और वातावरण "सद्गुरु कबीर साहेब" के जयघोष से गूंज उठा।दोपहर बाद रांवाभाठा, रायपुर से पधारी सद्गुरु सत्संग ग्रंथ मंडली द्वारा पंडवानी शैली में सद्गुरु कबीर साहेब की वाणी और उपदेशों का भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण किया गया। कबीर साहेब के भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर संत गोपाल साहेब (रांवाभाठा, रायपुर) ने सत्संग को संबोधित करते हुए कहा कि "सद्गुरु कबीर साहेब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से ही मानव जीवन की सच्ची मुक्ति संभव है, इसके अतिरिक्त कोई अन्य मार्ग नहीं है।" उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर अत्यंत दयालु हैं और जीवों को संसार सागर से मुक्त कराने के लिए ही इस धरती पर अवतरित हुए। संत गोपाल साहेब ने नाम-स्मरण की महिमा बताते हुए कहा कि सद्गुरु कबीर द्वारा प्रदत्त सत्यनाम के स्मरण से ही मानव भवसागर से पार हो सकता है।



### इनका रहा सराहनीय योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष मनमोहन दास, प्रेमलाल साहू, संतोष साहू (पूर्व सरपंच) सहित अंगेश्वर साहू, बालाराम साहू, कृष्णा साहू, थलज कुमार साहू, गेंदराम, गुनीराम, मोतीराम, घनश्याम साहू, मनोज साहू, पीलूराम साहू, ध्रुव साहू, प्रकाश साहू, खेलूराम, पूरन सिन्हा, खेलावन राम, लवकुश साहू, अमरीका साहू, नेतराम साहू, मनहरण दीवान, कमलनारायण साहू, बसंत साहू, रामगोपाल साहू, हरिराम सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## पेंशनरों को महंगाई राहत नहीं मिलने से प्रदेशभर में असंतोष : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 11 जनवरी को महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा के पश्चात छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं पेंशनरों में भारी असंतोष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग द्वारा 14 जनवरी को जारी आदेश में नियमित कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) प्रदान किया गया है, जो 1 जनवरी से प्रभावशील माना गया है। हालाँकि, इस आदेश में छह माह के एरियर का कोई प्रावधान नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। वहीं राज्य के लगभग डेढ़ लाख पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को अब तक 3 प्रतिशत महंगाई राहत (डीआर) प्रदान किए जाने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 (6) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश-दोनों राज्यों की सहमति को आवश्यक बताया जा रहा है। इसी प्रक्रिया का हवाला देकर हर बार की तरह इस बार भी पेंशनरों को महंगाई राहत का भुगतान लंबित रखा गया है।

### एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ने सीएम की घोषणा को बताया अस्पष्ट

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आरके वर्मा ने मुख्यमंत्री जी की घोषणा को आधी-अधूरी एवं अस्पष्ट बताते हुए कहा कि इसमें केवल कर्मचारियों के लिए डीए का उल्लेख किया गया, जबकि पेंशनरों के लिए डीआर के संबंध में कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई। इससे प्रदेश के एक लाख से अधिक पेंशनरों में भ्रम, निराशा और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि एरियर भुगतान के विषय में भी सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है, जो पेंशनरों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार को दर्शाता है।

## नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष बने जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ ने बेमेतरा जिले के लिए संगठन को मजबूत करते हुए नगर पालिका परिषद बेमेतरा में पदस्थ कर्मचारी जीवन साहू को जिला



अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद नगर पालिका परिषद बेमेतरा के समस्त कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। कर्मचारियों ने जीवन साहू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।संघ के प्रांतीय सचिव ऋषभ ठाकुर द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया। आदेश में संगठन के विस्तार, कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सक्रिय नेतृत्व की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जीवन साहू को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।नव नियुक्त जिला अध्यक्ष जीवन साहू ने इस अवसर पर संघ के प्रांतीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।

### समस्याओं का होगा त्वरित और प्रभावी समाधान

उल्लेखनीय है कि जीवन साहू लंबे समय से कर्मचारियों के अधिकारों, सेवा संबंधी समस्याओं और कल्याणकारी मुद्दों को लेकर निरंतर संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने विभिन्न मंचों पर कर्मचारियों की आवाज को मजबूती से उठाया है, जिससे वे कर्मचारियों के बीच एक कर्मठ, जुझारू और लोकप्रिय नेतृत्व के रूप में पहचाने जाते हैं। उनकी इसी कार्यशैली और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए संघ ने उन्हें जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। नियुक्ति पर नगर पालिका के कर्मचारियों ने कहा कि जीवन साहू के नेतृत्व में संघ और अधिक सशक्त होगा तथा कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान होगा। बधाई देने वालों में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, संघ के पदाधिकारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## बारगांव विद्यालय में विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियों का आयोजन, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव में विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सामूहिक वंदे मातरम् गान, योगाभ्यास एवं पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम् गान से की गई। इस अवसर पर बच्चों को इसके ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व की जानकारी दी गई।

व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पद्मासन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन एवं शवासन सहित विभिन्न योगासन किए। योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर के खेल मैदान में पारंपरिक खेल गिल्ली-डंडा, पिट्ठूल एवं रस्साकशी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों के माध्यम से बच्चों को टीम वर्क, अनुशासन और शारीरिक सुदृढ़ता का महत्व बताया गया। व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने कहा कि पराक्रम दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में देशप्रेम, एकता और अनुशासन की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व प्राचार्य तीक्ष्ण साहू सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसील साहू संघ की बैठक में संभाग स्तरीय सम्मेलन की रणनीति तैयार, विभिन्न प्रकोष्ठों का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



तहसील साहू संघ थानखम्हरिया में तहसील स्तरीय बैठक हुई। इसमें दुर्ग संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह में तहसील साहू संघ थानखम्हरिया के अन्तर्गत कारेसरा, खाती, बरगा, खम्हरिया ये चारों परिक्षेत्र अधिक से अधिक संख्या में दुर्ग संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन में जाने के लिए तहसील अध्यक्ष ने सभी ग्रामीण व परिक्षेत्र अध्यक्ष को सूचित किया। उक्त अवसर पर गैंदराम साहू निवर्तमान जिला अध्यक्ष, बसंत साहू तहसील अध्यक्ष, केदार साहू उपाध्यक्ष, लेखराम साहू तह. सचिव, बेदराम साहू संगठन सचिव, गिरधर साहू, अंतराम साहू, युवराज साहू, रामजी साहू और थानखम्हरिया तहसील साहू संघ के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्रामीण अध्यक्ष उपस्थित थे। तहसील साहू संघ थानखम्हरिया के सभी प्रकोष्ठों का गठन हुआ, जिसमें हेमंत साहू कार्यकरणी अध्यक्ष, बाबूलाल साहू - न्याय प्रकोष्ट संयोजक, धनसिंग साहू- न्याय प्रकोष्ट सहसंयोजक, जलेश्वर साहू- न्याय प्रकोष्ट सहसंयोजक, रामचरण साहू- सलाहकार न्याय प्रकोष्ट, कमलेश साहू- संयोजक किसान प्रकोष्ट, बलदाऊ साहू- सहसंयोजक किसान प्रकोष्ट, खेलन साहू, चुम्मन साहू-संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ट, अशोक साहू- सहसंयोजक चिकित्सा प्रकोष्ट, सुन्दर साहू-सहसंयोजक चिकित्सा प्रकोष्ट, कीर्ति साहू- महिला संयोजिका, हिरामणी साहू- महिला सह संयोजिका, रमेश साहू- युवा प्रकोष्ट संयोजक, संतराम साहू- सहसंयोजक युवा प्रकोष्ट, कोमल साहू-सहसंयोजक युवा प्रकोष्ट, श्रवण साहू- सास्कृतिक प्रकोष्ट, विनोद साहू- सहसंयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ट, राजकुमार - संयोजक व्यापारी प्रकोष्ट, गैंदराम साहू-सहसंयोजक व्यापारी प्रकोष्ट, अशोक साहू- संयोजक कर्मचारी प्रकोष्ट, गिरधर साहू - सहसंयोजक कर्मचारी प्रकोष्ट आदि सभी पदों पर मनोमित हुए।

